परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

Atomic Energy Education Society

आवधिक परीक्षा-II / PT-II (2025-26)

कक्षा /Class:-10 **समय- 3 घंटे**

विषय /Subject-हिन्दी (द्वितीय भाषा) **अंक/Marks: 80**

सामान्य निर्देश-

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से पालन कीजिए :

* इस प्रश्नपत्र में कुल कुल चार खंड हैं-क,ख,ग,घ जिनमें कुल15 प्रश्न हैं।सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
* खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है और कुल अंक **14** हैं |
* खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशोंका पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |इस खंड के लिए **16** अंक निर्धारित हैं |
* खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 18 है।इस खंड के लिए **30** अंक निर्धारित हैं |
* खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।इस खंड के लिए **20** अंक निर्धारित हैं |
* प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

खंड-क (अपठित बोध) **(14 अंक)**

(प्रश्न-1) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

विद्यार्थी जीवन मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इस समय में न केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है, बल्कि व्यक्तित्व का भी निर्माण होता है। अच्छे आचरण का विकास इसी अवस्था में होता है और यही भावी जीवन की नींव बनता है।अच्छे आचरण का तात्पर्य

है–शिष्टाचार, ईमानदारी, अनुशासन, नम्रता, सहनशीलता, सत्यनिष्ठा और दूसरों के प्रति सम्मान का भाव। यदि विद्यार्थी इन गुणों को अपनाते हैं, तो वे समाज के लिए एक आदर्श नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय में शिक्षक, अभिभावक एवं सहपाठियों के साथ अच्छा व्यवहार करना, नियमों का पालन करना, स्वच्छता बनाए रखना, समय का पालन करना–ये सभी अच्छे आचरण के प्रतीक हैं।अच्छा आचरण न केवल विद्यार्थियों की छवि को निखारता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इससे वे नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहते हैं और एक सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसके विपरीत, दुर्व्यवहार, उद्दंडता एवं अनुशासनहीनता उनके भविष्य को अंधकारमय बना सकती है।अतः यह आवश्यक है कि विद्यार्थी अपने आचरण में सुधार लाएँ और सच्चे अर्थों में शिक्षित बनें, जिससे वे स्वयं के साथ-साथ समाज और देश के विकास में भी योगदान दे सकें।

बहुविकल्पीय प्रश्न- **(3x1=3)**

(1) अच्छे आचरण में निम्न में से कौन-सा गुण नहीं आता?

(क) नम्रता (ख) उद्दंडता (ग) ईमानदारी (घ) सहनशीलता

(2) विद्यार्थी जीवन किसका आधार होता है?

(क) धन संग्रह का (ख) मनोरंजन का

(ग) व्यक्तित्व निर्माण का (घ) केवल परीक्षा देने का

(3) अच्छे आचरण से विद्यार्थियों को क्या लाभ होता है?

(क) आलस्य बढ़ता है (ख) आत्मविश्वास घटता है

(ग) छवि निखरती है (घ) समय का दुरुपयोग होता है

अति लघु उत्तरीय प्रश्न - **(2 x 2 = 4)**

(4) अच्छे आचरण के दो उदाहरण लिखिए।

(5) विद्यार्थी जीवन में अच्छे आचरण का क्या महत्व है ?

(प्रश्न-2) नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

नए युग में विचारों की नई गंगा कहाओ तुम,
कि सब कुछ जो बदल दे, ऐसे तूफ़ाँ में नहाओ तुम।
अगर तुम ठान लो तो आँधियों को मोड़ सकते हो
अगर तुम ठान लो तारे गगन के तोड़ सकते हो,
अगर तुम ठान लो तो विश्व के इतिहास में अपने-
सुयश का एक नव अध्याय भी तुम जोड़ सकते हो,
तुम्हारे बाहुबल पर विश्व को भारी भरोसा है-
उसी विश्वास को फिर आज जन-जन में जगाओ तुम।
पसीना तुम अगर इस भूमि में अपना मिला दोगे,
करोड़ों दीन-हीनों को नया जीवन दिला दोगे।
तुम्हारी देह के श्रम-सीकरों में शक्ति है इतनी-
कहीं भी धूल में तुम फूल सोने के खिला दोगे।
नया जीवन तुम्हारे हाथ का हल्का इशारा है
इशारा कर वही इस देश को फिर लहलहाओ तुम।

बहुविकल्पी प्रश्न- **(3x1 =3)**

(1) कवि ने किसे 'नए युग में विचारों की नई गंगा' कहा है?

(क) पुरानी पीढ़ी (ख) नेता (ग) युवा वर्ग (घ) किसान

(2) कविता के अनुसार, अगर तुम ठान लो, तो क्या कर सकते हो ?

(क) नदी को सुखा सकते हो (ख) आँधियों को मोड़ सकते हो

(ग) पर्वत तोड़ सकते हो (घ) धरती को खिसका सकते हो

(3) कविता का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(क) आलोचना करना (ख) निराशा फैलाना

(ग) युवाओं को प्रेरित करना (घ) राजनीति पर व्यंग्य करना

लघु उत्तरीय प्रश्न- **(2 x 2 = 4)**

(4) कवि के अनुसार युवा ठान लें तो क्या-क्या कर सकते हैं ?

(5) कवि के अनुसार युवाओं के पसीने से क्या प्रभाव पड़ सकता है?

खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) **(16 अंक)**

(प्रश्न-3) वाक्य पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(4 x 1 = 4)**

(क) मैंने पहले ही कहा था कि लापरवाही मत करो| (आश्रित उपवाक्य का प्रकार लिखिए)

(ख) जब वह आया तब मैंने उससे उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा | (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) तुम घर जाना चाहोगी या कार्यक्रम देखना ? (वाक्य का प्रकार लिखिए)

(घ) मेरा घूमने जाने का मन है | (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ङ) मुझे कविताएँ पढ़ना पसंद है | (वाक्य का प्रकार लिखिए)

(प्रश्न-4) वाच्य पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - **(4 x 1 = 4)**

(क) मेरे द्वारा कल अनेक उपहार खरीदे गए | (वाच्य का प्रकार लिखिए)

(ख) माँ से अब पहले जैसा नहीं चला जाता | (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ग) छात्र ने अपना काम पूरा कर लिया | (कर्मवाच्य में बदलिए)

(घ) रोगी को दवा दे दी गई है | (वाच्य का प्रकार लिखिए)

(ङ) मैं अब नहीं रुक पाऊँगा | (भाववाच्य में बदलिए)

(प्रश्न-5) रेखांकित पदों में से किन्हीं चार पदों का परिचय लिखिए- (4 x1=4)

(क) **<u>आजकल</u>** समय बहुत तेजी से बदल रहा है |

(ख) पुलिस ने बहुत **<u>बारीकी से</u>** घटना-स्थल का निरीक्षण किया |

(ग) **<u>रंग-बिरंगे</u>** फूल देखकर मन प्रसन्न हो गया |

(घ) पिताजी को **<u>कहानियाँ</u>** पढ़ना पसंद है |

(ङ) आज कक्षा में **<u>कुछ</u>** बच्चे अनुपस्थित थे |

(प्रश्न-6) अलंकार पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के अलंकार पहचानकर लिखिए- (4x1=4)

(क) चँवर-सदृश डोल रहे ,सरसों के सर अनंत

(ख) सूरदास अबला हम भोरी गुर चाँटी ज्यों पागी

(ग) सागर के उर पर नाच-नाच करती हैं लहरें मधुर तान |

(घ) पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण

(ङ) थकी सोई है मेरी मौन व्यथा

खंड-ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) (30 अंक)

(प्रश्न-7) नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (5x1 = 5)

कार्तिक आया नहीं कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ शुरु हुई, जो फागुन तक चला करतीं। इन दिनों वह सबेरे ही उठते। न जाने किस वक्त जगकर वह नदी- स्नान को जाते- गाँव से दो मील दूर । वहाँ से नहाधोकर लौटते और गाँव- के बाहर ही, पोखरे के ऊँचे भिंडे पर, अपनी खँजड़ी लेकर जा बैठते और अपने गाने टेरने लगते। मैं शुरू से ही देर तक सोनेवाला हूँ, किंतु, एक दिन, माघ की उस दाँत किटकिटानेवाली भोर में भी, उनका संगीत मुझे पोखरे पर ले गया था। अभी आसमान के तारों के दीपक बुझे नहीं थे । हाँ, पूरब में लोही लग गई थी जिसकी लालिमा को शुक्र तारा और बढ़ा रहा था । खेत बगीचा घर सब पर कुहासा छा रहा था | सारा वातावरण अजीब रहस्य से आवृत्त मालूम पड़ता था |उस रहस्यमय वातावरण में एक कुश की चटाई पर पूरब मुँह काली कमली ओढ़े बालगोबिन भगत अपनी खंजड़ी लिए बैठे थे|उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था | उनकी अँगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रही थीं। गाते गाते इतने मस्त हो जाते-, इतने सुरूर में आते, उत्तेजित हो उठते कि मालूम होता, अब खड़े हो जाएँगे । कमली तो बार-बार सिर से नीचे सरक जाती | मैं जाड़े से कंपकंपा रहा था | किन्तु तारे की छाँव में भी उनके मस्तक के श्रमबिन्दु जब-तब चमक ही पड़ते |

(1) 'बालगोबिन भगत गाते-गाते मस्त हो जाते ,सुरूर में आते ,उत्तेजित हो उठते ' इस वाक्य से आप क्या समझते हैं ?

(क) वह ठण्ड लगने के कारण काँपने लगते (ख) वह साहब की प्रसन्नता के लिए गाते थे

(ग) वह संगीत का आनंद नहीं उठा पाते थे (घ) वह गाने की धुन में सुध-बुध भूल जाते थे

(2) 'उनके मुँह से शब्दों का ताँता लगा था।' - का आशय है:

(क) वह एक के बाद एक गीत गाए जा रहे थे । (ख) वह लगातार प्रवचन दिए जा रहे थे

(ग) वह लगातार लोगों को आशीर्वचन दे रहे थे। (घ) वह लगातार बातें किए जा रहे थे।

(3) लेखक ने अपनी दिनचर्या के बारे में कौन-सी बात बताई है ?

(क) वह हर दिन सुबह जल्दी उठते हैं (ख) उन्हें सुबह देर से उठने की आदत है

(ग) ठंड के दिनों में वे देर तक सोते हैं (घ) वह भगत से भी पहले उठ जाते थे

(4) गद्यांश में किन ऋतुओं की चर्चा की गई है ?

(क) कार्तिक,शरद और माघ (ख) कार्तिक, ग्रीष्म और फागुन

(ग) कार्तिक,माघ और फागुन (घ) आश्विन ,कार्तिक और माघ

(5) कथन A और कारण R को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन (A) बालगोबिन भगत गाते -गाते ठण्ड में भी पसीने में नहा जाते |

कारण (R) उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता था

(क) कथन A और कारण R दोनों गलत है

(ख) कथन A सही है पर कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है

(ग) कथन A और कारण R दोनों सही हैं

(घ) कथन A गलत है पर कारण R सही है

(प्रश्न-8) नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (3 x 2= 6)

(क) किन परिस्थितियों में कसबे के ड्राइंग मास्टर को नेताजी की मूर्ति बनाने का काम सौंपा गया होगा ?

(ख)गंगा-स्नान के दौरान बालगोबिन भगत का व्यवहार उनकी किस विशेषता को दर्शाता है ?

(ग) 'लखनवी अंदाज' में लेखक ने क्या सोचकर सेकंड क्लास का टिकट लिया होगा ?

(घ) आपके विचार से क्या बिना किसी घटना या पात्र के कहानी लिखी जा सकती है ? अपने उत्तर का कारण भी लिखिए |

(प्रश्न-9) नीचे दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए- (5x1= 5)

नाथ संभुधनु भंजनिहारा, होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने॥
बहु धनुहीं तोरीं लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं॥

(1) इस संवाद में कौन सी भाषा का प्रयोग किया गया है?
(क) ब्रज (ख) अवधी (ग) खड़ी बोली (घ) मैथिली

(2) शिवजी का धनुष तोड़ने वाले को परशुराम अपना क्या समझते हैं?

(क) शत्रु (ख) मित्र (ग) भाई (घ) पड़ोसी

(3) 'राम लक्ष्मण परशुराम संवाद' किस घटना के कारण हुआ ?

(क) राम और सीता के विवाह के कारण (ख) राम-सीता के वन जाने के कारण

(ग) जनक की कठिन प्रतिज्ञा के कारण (घ) शिव धनुष टूटने के कारण

(4) सहसबाहु सम सो रिपु मोरा-इस पंक्ति में कौन -सा अलंकार है ?

(क) रूपक (ख) मानवीकरण (ग) उपमा (घ) उत्प्रेक्षा

(5) प्रस्तुत पद्यांश में स्वयं को दास कहना वक्ता के किस गुण की ओर संकेत करता है ?

(क) वीरता (ख) कायरता (ग) विनम्रता (घ) अहंकार

(प्रश्न-10) किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (3 x 2 = 6)

(क) गोपियाँ योग सन्देश को अपने लिए उचित क्यों नहीं मानती हैं ?

(ख) 'कृष्ण ने राजनीति सीख ली है'इस बात को सिद्ध करने के लिए गोपियों ने कौन-कौन से तर्क दिए हैं ?

(ग) क्रोध के कारण बात बिगड़ जाती है -राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद के आधार पर सिद्ध कीजिए |

(घ) परशुराम जी ने अपने फरसे की क्या विशेषता बताई ?

(प्रश्न-11) किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2 x 4 = 8)

(क) गाँव के बच्चे मूसन तिवारी को चिढ़ाते हैं...इससे बच्चों की किस मनोवृत्ति का पता चलता है ?

(ख) माता का अंचल पाठ के बच्चों की दिनचर्या आपकी दिनचर्या से कैसे भिन्न है ?

(ग) गंगतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा जाता है ?

खंड-घ (रचनात्मक लेखन) 20 अंक

(प्रश्न-12) नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (6)

(क) <u>पुस्तकें :मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र</u> (संकेत बिंदु -पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का साधन,अच्छी सीख देने वाली ,अकेलेपन की साथी,चरित्र निर्माण में सहायक ,मनोरंजन का साधन)

(ख) **<u>पर्यावरण संरक्षण :समय की माँग</u>** (संकेत बिंदु -मानव और प्रकृति में अटूट सम्बन्ध, पर्यावरण संरक्षण क्यों आवश्यक,संरक्षण की योजनाओं का सख्ती से पालन,सुझाव)

(ग) **<u>युवाओं में विदेशों के प्रति बढ़ता आकर्षण</u>** - (संकेत बिंदु -विदेशों के प्रति आकर्षण का कारण ,सामजिक दबाव ,अपने जीवन-स्तर को सुधारने का मौका ,देश को होनेवाला नुकसान

(प्रश्न-13) आप दीपक/दीपिका हैं |आपके क्षेत्र में पर्यावरण -दिवस के अवसर पर अनेक वृक्ष लगाए गए |इसकी प्रशंसा करते हुए वन-विभाग के अधिकारी को पत्र लिखिए | **(5)**

अथवा

आप दीपक/दीपिका हैं |आपने अपने क्षेत्र के एक रक्तदान-शिविर में भाग लिया |वहाँ के अनुभव बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए |

(प्रश्न-14) आप नमन /नमिता हैं |आपने बी.ए.के साथ-साथ कंप्यूटर में डिप्लोमा कोर्स भी किया है| आपको मॉडर्न स्कूल में कंप्यूटर शिक्षक के पद के लिए आवेदन करना है |इसके लिए लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत तैयार कीजिए | **(5)**

अथवा

आप नमन /नमिता हैं |आप अपने विद्यालय में एक संगीत क्लब बनाना चाहते हैं | इसके बारे में अनुमति प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक ई -मेल लिखिए |

(प्रश्न-15) आपने किताबों की एक नई दुकान खोली है |उसका एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए | **(4)**

अथवा

आप भार्गव/भार्गवी हैं |अपने मित्र मोहन/मोहिनी को राज्य-स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता में खेलने के लिए शुभकामना- सन्देश लिखिए |

*****